हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 13 मार्च 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

13 मेरा उद्देश्य राजनीति को ईमानदारी और पारदर्शिता के ...



14 अधारी नवागांव ने जीता डीपीएल का खिताब



## खबर संक्षेप

### बिलाईमाता मंदिर में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होगा



**धमतरी।** मां विंध्यवासिनी बिलाई माता मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि पर्व में घी ज्योति प्रज्वलन के लिए 1801 रूपये राशि निर्धारित की गई है। राशि जमा करने की अंतिम तिथि 29 मार्च शनिवार की रात्रि 8 बजे तक है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि नवरात्रि पर कलश स्थापना 30 मार्च रविवार को शाम 7 बजे गोधूलि बेला पर होगी। पंचमी 2 अप्रैल बुधवार को मनाई जाएगी। हवन पूजन एवं पूर्णाहुति 5 अप्रैल शनिवार को शाम 5 बजकर 30 मिनट से रात्रि 7 बजकर 30 मिनट तक होगी।

### आवास प्लस सर्वे 2.0 कार्य 31 मार्च तक

**धमतरी।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस 2018 की पात्रता सूची में छुटे हुए पात्र परिवारों का सर्वे किया जाना है। इस कार्य के लिए आवास प्लस सर्वे 2.0 का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसे पंचायत स्तर पर पंजीकृत प्रगणकों (पंचायत सचिव रोजगार सहायक) द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च है। जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत अंतर्वेशन एवं बर्हिवेशन मानदंड निर्धारित किया गया है।

### आज कुरूद में हास्य कवि सम्मेलन




**कुरुद।** रंगों का महापर्व होली के अवसर पर वन्देमातरम परिवार द्वारा नगर की परंपरानुसार लगातार 20वें वर्ष संस्था के संरक्षक विधायक अजय चंद्राकर के सहयोग से होली महापर्व की पूर्व संध्या पर 13 मार्च को शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कारगिल चौक कुरुद में हास्य कवि सम्मेलन ( रसरंग) होली महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। कविगण पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे छग, सुदीप भोला दिल्ली, प्रख्यात मिश्रा लखनऊ अपनी हास्य कविताओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। वन्देमातरम सेवा समिति अध्यक्ष भानु चंद्राकर ने इस कार्यक्रम में शामिल होने नगर एवं क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया है।

### कचना में लोककला महोत्सव 28 से

**जीजामगांव।** इस वर्ष भी छग रामधुनी महासंघ के मार्गदर्शन में त्रिदेव रामधुनी व रामायण समिति व ग्रामवासियों के सहयोग से 28, 29 एवं 30 मार्च को कचना के गौठान चौक, बस स्टैंड कचना में लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया है।

## सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ने ली बैठक, साउंड सिस्टम के लिए अनुमति जरूरी

# जिले में आठ सौ से ज्यादा स्थानों पर होगा होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





आज जिले में 8 सौ से ज्यादा स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। पुलिस और प्रशासन ने इसके लिए गाइडलाइन जारी की है। लोगों से अपील भी की गई है कि होलिका दहन सुरक्षित स्थान पर करें। बिजली खंभों एवं तारों का ध्यान रखें। होली और रमजान के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन ने शांति समिति की बैठक भी बुलाई थी, जिसमें सभी को सौहाद्रपूर्वक त्योहार मनाने की समझाइश दी गई।

जिले में होली की उमंग शुरू हो गई है। चौक-चौराहों पर नगाड़े की थाप गूंजने लगी है। वहीं होलिका दहन के लिए लकड़ी एकत्रित करने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। आज रात में होलिका दहन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार शहर में ही 100 से ज्यादा स्थानों पर होलिका दहन होगा। गांव व नगर पंचायतों को मिलाकर जिले में 8 सौ से ज्यादा स्थानों पर होलिका जलेगी।

### किसी पर जबरन रंग न लगाएं

बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर साउंड सिस्टम बजाने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना अनुमति के साउंड सिस्टम बजाने पर कार्रवाई होगी। समझाइश दी गई कि किसी पर जबरन रंग न लगाएं, ग्रीस एवं कांचयुक्त रंगों का प्रयोग न करें, अश्लील हरकतों एवं शब्दों का प्रयोग न करें, हुड़दंग, मारपीट, गाली-गलौज, शोर-शराबा न करें, किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें। यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें। बैठक में एसडीएम, डीएसपी, थाना एवं चौकी प्रभारी, नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा आम नागरिक उपस्थित थे।

### साढ़े 11 बजे के बाद होलिका दहन का मुहूर्त



पंडित युवराज शर्मा ने बताया कि इस साल 13 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। फाल्गुन पूर्णिमा 13 मार्च को सुबह 10.35 बजे से शुरू हो जाएगी। लेकिन दिन भर भद्रा का साया रहेगा जिसके चलते होलिका दहन रात में होगा। उन्होंने बताया कि रात 11.26 बजे भद्रा समाप्त होगा । इसके बाद होलिका दहन किया जाना शुभ है। 14 मार्च को दोपहर 12.24 बजे पूर्णिमा का समापन होगा।

त्योहार के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर बुधवार को जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों ने शांति समिति की बैठक आयोजित की। इनका मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान अप्रिय घटनाओं को रोकना और तैयारियों की समीक्षा करनी थी। इससे पहले भी कलेक्टोरेट में कलेक्टर एवं एसपी ने जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों और समाज के प्रतिनिधियों से इस संबंध में आवश्यक सुझाव भी लिए थे। शांति समिति की बैठक में लोगों को आपसी भाईचारा एवं सौहाद्रपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए कहा गया है। बताया गया कि दोपहिया वाहन में तीन सवारी, तेज चलाने वाले बाइकर्स, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# किराया नहीं पटाने वाले 37 दुकानदारों को निगम प्रशासन ने थमाया नोटिस

- 8 दुकानदारों ने तत्काल राशि जमा की, शेष 29 दुकानों पर सील लगाने की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर पालिक निगम प्रशासन इन दिनों टैक्स वसूली के लिए अभियान छेड़ दिया है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश एवं उपायुक्त पीसी सार्वा के मार्गदर्शन में वसूली प्रभारी मो. शेरखान की टीम वार्डों में जाकर वसूली अभियान चला रही है। डोर टू डोर संपर्क कर टैक्स की वसूली कर रही है। आनाकानी करने वाले हितग्राहियों को निगम की सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। चालू सत्र में वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने वार्डों सहित निगम के दुकानों में भी किराया की वसूली की जा रही है। मंगलवार को निगम टीम ने 37 दुकानदारों को किराया पटाने का नोटिस थमाया। दुकानों के सामने दीवार पर नोटिस चस्पा किया गया। निगम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। नोटिस मिलते ही 8 दुकानदारों ने टीम को स्पॉट पर ही दुकान का पूरा किराया दिया। शेष 29 दुकानदार ने किराया नहीं जमा किया है। दो दिन की मोहलत मांगने पर समय दिया गया है। इसके बाद दुकानों में सील लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

टीम प्रभारी मो. शेरखान ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर आवंटित दुकानों का किराया समय पर नहीं मिला है जिसके कारण 37 दुकानदारों को नोटिस जारी हुआ है। 8 दुकानदारों ने किराया जमा करा दिया। शेष को दो दिन की मोहलत दी गई है। किराया नहीं पटाने पर सील लगाने की कार्रवाई की जाएगी तथा तय समय के बाद दुकानों का आवंटन पूरी तरह निरस्त किया जायेगा। नए सिरे से दुकानें आवंटित की जाएंगी।

# कार में बैठकर आनलाइन सट्टा खिला रहे तीन सटोरिये गिरफ्तार

- पुलिस ने कार व मोबाइल सहित हजारों रुपए जब्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी








दानीटोला नहरनाका के पास आम जगह पर कार खड़ी कर आनलाइन लाखों रूपये का सट्टा खिला रहे तीन आरोपियों को कोतवाली व साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार पुलिस ने अवैध शराब, सट्टा, जुआ के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इस दौरान बुधवार को पुलिस को दानीटोला नहरनाका के पास एक कार में बैठकर सटोरियों द्वारा आनलाइन सट्टा खिलाये जाने की सूचना मिली। कोतवाली व साइबर पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल नहरनाका पहुंची। जहां एक सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी 05 एके 8992 खड़ी मिली। चेकिंग करने पर तीन लोग योगेश देवांगन पिता भीमराज 39 वर्ष निवासी चुरियापारा नगरी, रविन्द्र निषाद पिता अंकालु 39 वर्ष मराठापारा सिहावा निवासी व मुकेश जैन पिता डुंगरमल उम्र 50 वर्ष वार्ड क्रमांक 13 नगरी निवासी कार पर बैठकर लोगों से पैसों का दांव लगवाकर आनलाइन सट्टा खिलाते मिले। पुलिस ने तीनों को पकड़कर कोतवाली थाना में धारा 6, 11 छग जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2023 धारा के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपियों के कब्जे से नकद 51740 रूपये, 3 नग मोबाइल फोन कीमत 15 हजार, घटना में उपयोग की जा रही कार कीमत 3.50 लाख कुल 4 लाख 16 हजार 740 रूपये जब्त किए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

### खिड़की तोड़कर स्कूल से मध्यान्ह भोजन की चोरी



**अंवरी।** बीसीएस गौर शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक शाला भखारा में एमडीएम महिला शक्ति स्व-सहायता समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जा रहा है। 7 मार्च एवं 11 मार्च को चोरों ने रसोई कक्ष में रखे गये 6 कट्टा चावल में से 5 कट्टा चावल की चोरी की है। चोरों ने चोरी एक बार ताला थोड़कर और दूसरी बार खिड़की तोड़कर की है साथ ही वहां रखे आलू, मिर्च की भी चोरी की गई है। इसकी शिकायत भखारा थाना में की गई है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

# चाकू लहराते आरोपी हुआ गिरफ्तार

- कोतवाली पुलिस की कार्रवाई



**धमतरी।** तालाब किनारे धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे चाकूबाज को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। होली त्योहार पर शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ की कार्रवाई शुर कर दी है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने एक चाकूबाज को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। बुधवार को कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मुखबीर से विंध्यवासिनी वार्ड स्थित खोड़िया तालाब पार में एक युवक द्वारा चाकू लहराकर लोगों को डराने- धमकाने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंची। यहां खोड़िया तालाब किनारे एक युवक धारदार चाकू लहरा रहा था। इससे आने-जाने वाले भयभतीत हो रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। युवक ने अपना नाम अजीत सोना उर्फ टीमा पिता रामू स्वीपर कालोनी जालमपुर वार्ड निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया। उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने परिचयात्मक बैठक ली

# कोताही बरतने वाले कर्मचारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- अंगीरा ध्रुव ने जपं धमतरी में कुर्सी संभालते ही विभागीय कामकाज का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जनपद पंचायत अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव ने कुर्सी संभालते ही सबसे पहले मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एसडीओ, इंजीनियर और विभाग के सभी कर्मचारियों से परिचयात्मक बैठक ली। इस दौरान उपाध्यक्ष केशव साहू भी थे।

जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने सबसे पहले अपने स्वयं के बारे में परिचय दिए। उसके बाद बारी-बारी से सभी कर्मचारियों ने भी अपना पद नाम सहित परिचय दिया। जनपद अध्यक्ष ने कर्मचारियों से कहा कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करें। सरकार की जितनी योजनाएं हैं। उन योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कर्तव्य सिर्फ जन प्रतिनिधियों का ही नहीं बल्कि कर्मचारियों का भी है। आगे कहा कि कोई कर्मचारी अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अगर कोताही बरतता है ऐसे कर्मचारियों को बख्शा भी नहीं जाएगा। कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इंजीनियर ग्राम पंचायत के भीतर चल रहे निर्माण कार्यों को भी सही समय में संपन्न करें ताकि गांव से आने वाले सरपंचों को तकलीफ न हो।

डुबान के ग्रामीण लंबी दूरी तय कर अपनी समस्या का निराकरण के लिए आते हैं। उनकी समस्याओं का निराकरण तत्काल करें। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष केशव साहू ने पूरे 25 जनपद सदस्यों के साथ मिलकर एक अच्छा कार्यकाल बनाने पर जोर दिया। परिचयात्मक बैठक के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने सभी विभागों में जाकर कामकाज का निरीक्षण भी किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक ठाकुर मौजूद थे।



नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### गातापार में राधेलाल निर्विरोध उपसरपंच बने

**सिर्री।** ग्राम पंचायत गातापार में उपसरपंच का चुनाव हुआ। इसके आश्रित ग्राम आलेखुंटा हैं। सभी पंचों ने सर्वसम्मति से भाजपा समर्थित प्रत्याशी राधेलाल सोनवानी को उपसरपंच के लिए नामांकन दाखिल कराया। इसके विरोध में कोई भी पंच चुनाव मैदान में नहीं उतरा। पीठासीन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सिन्हा ने राधेलाल सोनवानी को उपसरपंच घोषित कर प्रमाण-पत्र प्रदान किया। श्री सोनवानी के निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित होने पर सरपंच शेखनलाल साहू, पंचगण रेखराम यादव, फूलसिंह साहू, धनंजय ध्रुव, भीखमलाल साहू, जीवन वत्सल, अंजना मनहरे, जान्हवी कुर्रे, केसरी साहू, कुशल साहू, लता साहू, नंदनी जांगड़े, शकुन साहू, अंगेश्वरी साहू तथा ग्रामीणजन कमलनारायण साहू, कांशी साहू, निर्मल साहू, सुखचंद कोसरे, बुधारुराम सोनवानी, धनी साहू, पवन साहू, भोज साहू, गुमानसिंग साहू, सनत साहू, अशोक यादव, टीकाराम यादव समेत अनेक ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### संगीता बनीं बगदेही की उपसरपंच, ग्रामीणों में हर्ष

**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम पंचायत बगदेही से संगीता यादव को निर्विरोध उपसरपंच बनाया गया है। इस



अवसर पर उन्होंने कहा कि गांव के विकास और जनता की सुविधा के लिए अपना पूरा योगदान देंगे। सरपंच अनुसुइया ध्रुव और सभी पंचों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर गांव का विकास करने की बात कही। बगदेही में यादव समाज से उपसरपंच बनाए जाने पर यादव समाज के लोगों में भी हर्ष है। उनके उपसरपंच बनने पर नोहर साहू, चोवाराम, जनपद सदस्य एवन साहू, ऐश्वर्या साहू, ईश्वर साहू, राजेंद्र साहू, झम्मन, गैंदधर ध्रुव, राकेश यादव, गोविंद यादव, सोनू यादव, लिपिक साहू, संगीता साहू, सुरेंद्र साहू, बीरेंद्र साहू, इशु साहू, कौशल, झम्मन साहू, भानु साहू, विष्णु विश्वकर्मा, बीरेंद्र साहू, कामता साहू ने खुशी जाहिर की है।

### निधन : गोमती नागे

**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री की सेवानिवृत्त



प्राचार्य गोमती नागे 72 वर्ष का निधन 11 मार्च मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। गांव के वरिष्ठजनों सहित अन्य ग्रामीणों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति केशरबाई सुरुज बाई के मृत्यु होने के उपरांत एवं नेमिन बाई की परिवारिक सहमति होने के कारण न्यायालय तहसीलदार नजूल धमतरी के द्वारा चंदनलाल पिता भैयालाल निवासी कोष्टापारा धमतरी के नाम पर रा.प्र.क्र. 203 अ/6 वर्ष 2009-10 आदेश दिनांक 19-11-10 के अनुसार फौत नामांतरण किया गया है। उक्त सम्पत्ति का विवरण इस प्रकार है वाके मौजा कोष्टापारा शीट क्रमांक 44 बी भूखण्ड क्र. 36/1 रकबा 26.69 वर्ग मी. कोष्टापारा तह. व जिला धमतरी में स्थित भूमि जिनका नजूल लीज पट्टा उपरोक्त अनुसार नाम में दर्जा था जो कि दिनांक 31/03/2019 को लीज समाप्त हो चुका है। लीज समाप्ति के उपरांत विधिवत न्यायालय कलेक्टर धमतरी रा.प्र.क्र. 201903132100014/अ-20 (1) 2018-19 From Id चंदन लाल पिता भैयालाल साहू के नाम में लीज नवीनीकरण कर लीज प्रदान किया गया जो कि विधिवत दिनांक 13/02/2025 का क्रमांक नं. 12403 पेज नं 443 से 459 दस्तावेज क्रमांक CG-2024-25-101-1-4729 देकर पंजीयन किया गया है। उक्त सम्पत्ति में चंदन लाल पिता भैयालाल के द्वारा एस.के. फाइनेंस धमतरी ब्रांच से बंधक लोन लिया जा रहा है। उक्त विषय में किसी व्यक्ति सम्पति बैंक को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर आपति दर्ज कर पाये/और इस पुराना लीज डीड के संबंध में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

S.K. Finance
प्रेम टंडन
धमतरी (ब्रांच)
मो. 8770067892

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## बैस कुर्मी क्षत्रिय समाज का वार्षिक अधिवेशन नया रायपुर तूता में हुआ

# नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय सेवारत महिलाओं को मिला कुर्मी गौरव सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

बैस कुर्मी क्षत्रिय समाज का वार्षिक अधिवेशन सामाजिक भवन नया रायपुर तूता में हुआ। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय सेवा में कार्यरत महिलाओं को कुर्मी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। शुभारंभ भगवान विष्णु की शोभा यात्रा ,महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकालकर किया गया।



अधिवेशन में राष्ट्र गीत, समाज गीत, स्वागत नृत्य, देशभक्ति, शिवाजी पर युगल नृत्य, छत्तीसगढ़ी नृत्य, महाराष्ट्रीयन लेझिम नृत्य व योग का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात समाज से नवनिर्वाचित सिहाद सरपंच सरिता बैस, वार्ड 5 कुरुद के पार्षद मिथिलेश बैस तथा कुरुद सोसाइटी अध्यक्ष प्रभात बैस, कोसमर्रा सोसाइटी अध्यक्ष छत्रपाल बैस के साथ शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षिका पुष्पलता बैस, सावित्री बैस व्याख्याता, सीमा बैस, लेखापाल, दिव्या बैस, एनएचएम तेजिन बैस को कुर्मी गौरव से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि ललित कांकरे, चन्द्रकुमार वर्मा, कोमल धृतलहरे सरपंच प्रतिनिधि तुता, बैस समाज अध्यक्ष छत्रपाल बैस, सचिव प्रभात बैस उपाध्यक्ष, भानुप्रताप बैस, सरिता बैस, महिला सचिव दुर्गा बैस, कोषाध्यक्ष देवनंदन बैस, सहसचिव रामकुमार बैस, ईश्वरी बैस, संरक्षक कृष्णकुमार बैस, जवाहर बैस व विशिष्ट अतिथि पूर्व सचिव प्रेमलाल बैस, पूर्व उपाध्यक्ष गुलजारी बैस, रामकृष्ण बैस थे।

सम्मान कार्यक्रम के बाद रंगोली में प्रथम दीप्ति पूनम बैस, द्वितीय जन्हवी डाली, तृतीय हर्षा बैस को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सामाजिक आय व्यय की जानकारी, सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। नए सदस्य शामिल किए गए। सामाजिक प्रस्ताव, प्रतिवेदन बैस कुर्मी समाज के अध्यक्ष छत्रपाल बैस ने रखा। द्वितीय सत्र 1 घंटे के लिए महिलाओं का था जिसमें महिलाएं एवं युवतियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व क्षेत्र के सरपंचों का हुआ सम्मान

- परिक्षेत्र साहू समाज व मानस शक्ति केंद्र ने रामचरित मानस व श्रीफल भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी व मानस शक्ति केंद्र कोर्रा के पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सरपंच व जनपद सदस्यों को उनके निवास स्थान पंहुचकर श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ भेंटकर सम्मानित किया गया। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अध्यक्ष गिरधारी साहू ने रामचरितमानस से प्रेरणा लेकर राम राज्य की संकल्पना के साथ जनता की सेवा करने की बात कही। संरक्षक भोलाराम साहू ने पहली बार उनके गृह क्षेत्र से जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर हर्ष प्रकट कर सरकार के विकास कार्यों को अंतिम छोर तक पहुंचाने की बात कही।

जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने भरोसा दिलाया कि वह क्षेत्र में भौतिक के साथ सामाजिक व धार्मिक विकास भी हो, इस दिशा में काम करेंगी। उपाध्यक्ष सतीश जैन ने आभार प्रकट किया। मांसशक जनपद सदस्य डीकेश्वरी साहू, सरपंचगण चोवाराम साहू तर्रागोंदी, प्रीति साहू जोरातराई, उर्वशी चांद जुगदेही, खिलेश्वरी ध्रुव हंचलपुर, ऋषिकुमार साहू रामपुर, पूर्णिमा धनकर गाड़ाडीह, विनय साहू पचपेड़ी, छबिलेश सिन्हा सेमरा (सि) व अनिल राव सिलौटी को रामचरितमानस ग्रन्थ व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चमनलाल साहू, सालिकराम साहू, सविता गंजीर, कांति साहू, चित्ररेखा साहू, डीआर साहू, छत्रसेन, श्यामूराम, धनेश, भगवती, हीरालाल, प्रकाश साहू, डोमेन साहू, मानूराम, दानीराम, माखनलाल, हरबन साहू मौजूद थे।

# कलेक्टर ने कुरूद स्टेडियम में खेल गतिविधियों का लिया जायजा



- साफ-सफाई कराने और बैडमिंटन कोर्ट में लाइट बढ़ाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कुरूद के खेल स्टेडियम का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम परिसर में साफ़ सफाई कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने पूरे स्टेडियम परिसर का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परिसर स्थित बैडमिंटन कोर्ट में खेल रहे खिलाड़ियों से भी चर्चा की। खिलाड़ियों ने स्टेडियम में साफ-सफाई कम होने और बैडमिंटन कोर्ट में लाइट कम होने की शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कोर्ट में समुचित प्रकाश व्यवस्था कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्टेडियम में पानी बिजली आदि की व्यवस्था में भी सुधार करने को कहा। कलेक्टर ने स्टेडियम में शौचालयों की मरम्मत करने और लगातार पानी के लिए टोटी वाले नल लगाने के भी निर्देश दिए।

# भोलाराम की बाल कहानी छेरछेरा छग के सभी विद्यालयों में पहुंची

- बाल कहानियों से बच्चों में आत्मविश्वास एवं सृजनशीलता बढ़ती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





शासकीय प्राथमिक शाला कमारिनमुड़ा संकुल केन्द्र बिरझुली में पदस्थ शिक्षक भोलाराम सिन्हा की चर्चित बाल कहानी छेरछेरा को प्रकाशित कर छग की सभी प्राथमिक शालाओं में भेजी गई है। श्री सिन्हा के अनुसार बाल कहानियां बच्चों में आत्मविश्वास एवं सृजनशीलता बढ़ाती है। इस कहानी के चित्रों को प्रसिद्ध चित्रकार भार्गव कुलकर्णी ने बनाया है। इस बाल कहानी छेरछेरा की प्रदर्शनी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में 14 दिसंबर 2023 को आयोजित बाल साहित्य सेमिनार में भी लगाई गई थी।

इस आयोजन में खैरागढ़ विवि के कुलपति, विवि रजिस्ट्रार प्रो. गहरवाल, समग्र शिक्षा से एम. सुधीश, किलोल संपादन समूह के सदस्य टीसी जायसवाल, विवि कला संकाय प्रो. राजन यादव, एससीईआरटी से डिकेश्वर वर्मा, यूएसआईडी से शिखा जैन उपस्थित थे। एससीईआरटी एवं रुम टू रीड इंडिया छग के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय पठन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन न्यू सर्किट हाउस रायपुर में भी किया गया था जिसमें बाल कहानी छेरछेरा लिखने पर कहानीकार भोलाराम सिन्हा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर रुम टू रीड के प्रोग्राम ऑपरेशन डायरेक्टर डॉ. भाग्यक्ष्मी बालाजी, एससीईआरटी से डिकेश्वर वर्मा, उपसंचालक एससीईआरटी से पुष्पा किस्पोट्टा, यूएसएआईडी से डॉ.पूनम स्मिथ, खैरागढ़ विवि से कपिल शर्मा, रागिनी सिंह उपस्थित थे। श्री सिन्हा के नवाचार को छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग की चर्चा पत्र में सुनव कहानी सियान के जुबानी को भी स्थान दिया जा चुका है। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छग शासन द्वारा एफएलएन सफल एप्रोच में भी सिन्हा की कहानी शिक्षण विधि को स्थान दिया जा चुका है। समग्र शिक्षा जिला धमतरी द्वारा चयनित व प्रकाशित कर बाल कहानी लालच के फल को भी धमतरी जिले की सभी प्राथमिक शालाओं में भेजी गई थी।

उनकी इस उपलब्धि पर डीईओ टीके जगदल्ले, एपीसी समग्र शिक्षा धमतरी एनके साहू, विखं शिक्षाधिकारी मनीष ध्रुव, बीआरसी तामेश्वर ठाकुर, संकुल प्राचार्य व्हीके अग्रवाल, समन्वयक रुपेश सोनी, समन्वयक नरेन्द्र सिन्हा, समन्वयक रुपेश शर्मा, समन्वयक होरीलाल साहू, इंद्रजीत बागड़े, जीवराखन साहू, अशोक पटेल, नूतन ध्रुव, लोमस साहू, यशवंत साहू, टीके साहू, घनश्याम ध्रुव, सुरेश साहू, पवन निषाद, डॉ.शिवनारायण साहू, भोज साहू, संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के अध्यक्ष वीरेन्द्र सरल, सचिव आत्माराम साहू, साहित्यकार पुनूराम साहू, चिंताराम सिन्हा, लालेश्वर सिन्हा, भोपालमि अनीता गौर, ऊषा किरण निर्मलकर ने हर्ष जताया है।

# भुसरेंगा स्कूल में हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में विदाई समारोह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। कक्षा 7वीं के बच्चों द्वारा कक्षा 8वीं के बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों द्वारा सरस्वती व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। रैंप वॉक, रस्सी कूद, रिंग फंसाना, मॉडलिंग, हिंदी, छत्तीसगढ़ी गीत, फिल्मी गीत, फिल्मी डायलॉग, सीजी डांस, पंथी गीत, सुआ नृत्य, फाग गीत प्रस्तुत किया गया।

न्योता भोज के रुप में खीर, पूड़ी, पापड़, अचार, भजिया, गाजर का हलुआ, टमाटर की चटनी, गोभी सब्जी का मज़ा बच्चों ने लिया। बच्चों ने अपने तीन साल का अनुभव बारी-बारी से साझा किया। ग्रुप में फोटो शूट शिक्षकों के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती गीता साहू शिक्षिका व यूके कोसरिया ने किया। मौके पर शिक्षक लोमस साहू, गीता साहू, दयाबाई नगरची, सीताबाई साहू समेत स्कूली बच्चे उपस्थित थे।



# पीटीआरएसयू व एनटीए की परीक्षा एक साथ परीक्षार्थियों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

- 27 मार्च को आयोजित भौतिकी, वनस्पति विज्ञान पेपर का समय बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



पं. रविशंकर यूनिवर्सिटी की मुख्य परीक्षा 1 मार्च से 19 अप्रैल तक चलेगी। इस बीच एनटीए ने भी सीयूईटी परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया है। दोनों संस्थानों द्वारा जारी समय सारिणी में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी परीक्षा (सीयूईटी) रसायन पीजी - 2025 परीक्षा 27 मार्च को आयोजित है। पं. रविशंकर शुक्ल विवि में भी समान तिथि और समय पर बीएससी फाइनल भौतिकी, वनस्पति विज्ञान की परीक्षा 27 मार्च को ही आयोजित है। अब ऐसे में परीक्षार्थी दोनों परीक्षा में एक साथ एक समय पर कैसे शामिल होंगे यह बड़ा सवाल है।भूमिका, वर्षा, तेजस्वी, लोकेश, भामाशाह महर्षि वेदव्यास महाविद्यालय भखारा में अध्यनरत हैं। बीएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थी हैं। साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर करने का सपना लिए सीयूईटी परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन किया था। परन्तु एनटीए व पीटीआरएसयू के अधिकारियों की लापरवाही के कारण दोनों परीक्षाओं की तिथि और समय समान हो गया है जिससे परीक्षार्थी असमंजस में हैं कि वे कौन से परीक्षा में शामिल हो। परीक्षा की तिथि में संशोधन करवाने के लिए पीटीआरएसयू का भी रुख किया परन्तु वहां भी विद्यार्थियों को दुत्कार ही मिला। पालकों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से आग्रह किया है कि बीएससी अंतिम वर्ष के भौतिकी, वनस्पति विज्ञान की परीक्षा की तिथि को परिवर्तित किया जाए ताकि इन बच्चों का भविष्य खराब न हो और बच्चे दोनों परीक्षाओं में शामिल हो सके।

## अंचल की खबरें

### कोटगांव के पंचायत प्रतिनिधियों ने की विधायक से मुलाकात



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत कोटगांव के सरपंच और उनकी टीम ने विधायक अजय चंद्राकर से रायपुर स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान सरपंच उषा जितेन्द्र ध्रुव, उपसरपंच हरीश साहू, पंच दयाराम साहू समाज अध्यक्ष, गणेश ध्रुव, सीताराम टंडन, बिंदु मार्कण्डेय, प्रीति साहू, शैलेश साहू, सावित्रीबाई ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र ध्रुव, किशन नेताम, धनीराम साहू, सामाजिक कार्यकर्ता लीलाराम बंजारे मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक ने सरपंच, पंचों से गांव के विकास के लिए एकजुट रहने की बात कही।

### भैंसमुंडी में जानकी उपसरपंच चुनी गई



**सिर्री।** ग्राम पंचायत भैंसमुंडी में उपसरपंच का चुनाव निर्विरोध किया गया। जानकारी के मुताबिक पंचायत चुनाव में ओमप्रकाश यादव 412 मतों से जीतकर सरपंच बने। पश्चात उपसरपंच का चुनाव निर्विरोध हुआ और जानकी यादव को उपसरपंच बनाया गया। मौके पर सरपंच ओमप्रकाश यादव सहित पंचगण देवकी साहू, पोषण साहू, हेमलता साहू, गांधी यादव, लक्ष्मीकांत साहू, पोखराज साहू, मीनाक्षी साहू, डोमिका यादव, रामबरन साहू, हेमंत साहू, चमेली विश्वकर्मा समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### दरबा में महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन



**जीजामगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ग्राम दरबा में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने महिलाओं से कहा कि छोटे बच्चों को पौष्टिक आहार एवं घरेलू आहार प्रदान करें जिससे उनकी पोषक क्षमता बढ़े। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा लहरे, विद्या साहू, उपसरपंच गुलशन साहू एवं पंचगण नूतन साहू, पूर्णिमा साहू, रेखा सपहा, रामेश्वरी बंजारे, ज्योति वर्मा, सुमित्रा सपहा, पार्वती यादव, कीर्तिबाई समेत मितानिनें उपस्थित थीं।

### मड़ईभाठा में मन्नू निर्विरोध उपसरपंच चुने गए



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत मड़ईभाठा में 8 मार्च को उपसरपंच का चुनाव हुआ। मन्नूलाल ध्रुव को पंचों द्वारा निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। हार गुलाल से उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच चंद्रेश चांद, पंचगण गणेश यादव, जामुन यदु, सुमित्रा निषाद, खोमन प्रजापति, बृजबाई साहू, इंद्राणी साहू, मुरारी यदु, प्रमिला साहू, जैनीबाई ध्रुव, गजानंद देवांगन, भूषणलाल साहू, दुर्गाबाई सहित पंचायत सचिव राजेंद्र चंद्रवंशी, रोजगार सहायिका तुमेशकली देवांगन उपस्थित थे ।

### गोजी में दी गई श्रद्धांजलि योजना की राशि



**सिर्री।** ग्राम पंचायत गोजी में स्व. अंकित साहू की मां को श्रद्धांजलि योजना के तहत 2 हजार रुपए ग्राम पंचायत के सदस्यों की उपस्थिति में प्रदान किए गए मौके पर सरपंच जयमित्र साहू, उपसरपंच भेपेंद्र साहू, रोजगार सहायक एकेन्द्र साहू, लच्छन साहू, हुमेश साहू, टेमिन दौलत साहू, दीपा सतीश साहू, परस साहू, गौरी उमेश साहू, गायत्री पवन साहू, वंदना हेमेंद्र साहू, अनुसुइया गजेंद्र साहू, भूषण साहू, संजय साहू, राजेंद्र साहू, पोखराज साहू, रामनाथ साहू उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

संजय आर्ट्स
IND नंबर प्लेट
हाई सिक्यूरिटी नम्बर प्लेट बुकिंग किया जाता है
एवं प्लेटो को कव्हर सहित फिटिंग किया जाता है


सिहावा चौक, रेल्वे स्टेशन के सामने, हनुमान मंदिर के बाजू, धमतरी 9827111438, 7000909964

## अंचल की खबरें

### राजपूत महिलाओं ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**धमतरी।** राजपूत महिलाओं ने महाराणाप्रताप सामुदायिक भवन में महिला मंडल अध्यक्ष पुष्पा ठाकुर की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत महाराणा प्रताप की पूजा से हुई। आयोजन में पूर्व महिला अध्यक्ष सत्यभामा ठाकुर, राधा ठाकुर, मीना ठाकुर, भारती ठाकुर, गीता ठाकुर, मीरा ठाकुर, उर्मिला ठाकुर, अर्चना ठाकुर, सतरूपा ठाकुर, मीता ठाकुर, ऐरावती ठाकुर, ममता बघेल, सविता ठाकुर, कैलाश ठाकुर, माधवी ठाकुर, रागिनी ठाकुर, मीनाक्षी ठाकुर, साक्षी ठाकुर, मधु ठाकुर, निशा ठाकुर उपस्थित रहीं। सुआ गीत की मनमोहक प्रस्तति हुई। कार्यक्रम में सचिव रेखा परिहार, उपाध्यक्ष कैलाश ठाकुर, करेषाध्यक्ष रागिनी ठाकुर, निशा चंदेल, सांस्कृतिक उपसचिव रोहणी ठाकुर की भूमिका रही। रेखा ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

### एक्जेक्ट फाउंडेशन में धूमधाम से मनी होली



**धमतरी।** छुट्टियां लगने से पहले मंगलवार को एक्जेक्ट फाउंडेशन रुद्री में धूमधाम से होली का पर्व मनाया गया। दिव्यांग बच्चों में रंगों के पर्व को लेकर भारी उत्साह दिखा। संस्था के शिक्षकों ने भी बच्चों संग जमकर होली खेली। खूब अबीर-गुलाल उड़ाए। सभी ने एक दूसरे को तिलक लगाकर होली से पहले वाली स्कूल होली का आनंद उठाया। रंगोत्सव में शहर का बैटर टूगेदर फाउंडेशन भी शामिल हुआ। सभी डीजे की धुन पर जमकर थिरके। संस्था की अध्यक्ष लक्ष्मी सोनी ने कहा कि होली पर अधिकांश बच्चे घर चले जाते हैं। गुरुवार से पर्व शुरू हो रहा है। होली की खुशियां मनाने मंगलवार को स्कूल में ही आयोजन किया गया और जमकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष देवश्री जोशी, सचिव शशि त्यागी, सह सचिव रूबी कुर्रे, प्राचार्य रेखा साहू, तनु साहू, किरण पटवा, गीतांजलि साहू, पल्लवी गौतम, काजल साहू, केसर साहू, भानुमति सिन्हा, बैटर टूगेदर फाउंडेशन के कुशल पारेख, युग डागा, प्रिंस लुंकड़, अभिषेक श्रीश्री माल, तुषार नागवानी, आयुष गोलछा, दर्शन लुंकड़ उपस्थित थे।

### शिक्षकों, कर्मचारियों का किया गया सम्मान



**धमतरी।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरुद, धमतरी में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरुद, धमतरी की कल्पना कुंजाम सहायक प्राध्यापक (सब्जी विज्ञान) ने महिलाओं के योगदान, उनके सम्मान और उनके सशक्तिकरण के लिए किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी दी। डॉ. सरिता पैकरा सहायक प्राध्यापक ने महिलाओं एवं छात्राओं को उत्साहवर्धन करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता हेमंत टोप्पो, शिक्षक डॉ. सरिता पैकरा, सहायक प्राध्यापक सुशील कुमार कश्यप, सहायक प्राध्यापक डॉ. राजकमल पटेल, इंजी. जसपाल सिंह मनहरे, डॉ. प्रतिक्षा त्रिपाठी एवं कर्मचारीगण श्रीमती सतरूपा देवांगन, दीक्षा ठोकने, श्रीमती सुशीला विश्वकर्मा व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बकली में पीली बाई बनीं उपसरपंच



**सिर्री।** ग्राम पंचायत बकली में उपसरपंच पद के लिए चुनाव हुआ। विदित हो कि पंचायत चुनाव में दीपक साहू कांग्रेस प्रत्याशी ने 132 मत से जीत हासिल कर सरपंच की कुर्सी हासिल की। वहीं उपसरपंच चुनाव के लिए कांग्रेस से पीली बाई बांधे, बीजेपी से लुकेश्वर साहू के अतिरिक्त योगेंद्र तारक ने दावेदारी की। मतदान होने के बाद पीली बाई बांधे को 9 मत, लुकेश्वर को 7 मत, योगेंद्र तारक को 4 मत प्राप्त हुए। इस तरह पीली बाई ने 2 मत से जीत हासिल कर उपसरपंच की कुर्सी हासिल की। इस अवसर पर सरपंच दीपक साहू सहित पंचगण भोजकुमार साहू, वीणा साहू, लुकेश्वर साहू, डिगेश्वरी साहू, योगेंद्र तारक, धनेंद्र साहू, नीलिमा साहू, कांति बाई, हेमलता साहू, उखम साहू, कौशिल्या साहू, हरिराम साहू, कुमारी बाई, उमाकांत साहू, अमरसिंह साहू, लेखराम साहू, नूनकरण बांधे, पीलीबाई, कुंती बांधे सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायत सचिव ने दिलाई शपथ



**पुरूर।** ग्राम पंचायत बालोदगहन के सरपंच भगवान दास सहित सभी नवनिर्वाचित पंचों को पंचायत सचिव द्वारा शपथ दिलाई गई। सरपंच ने शासकीय योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाने की बात कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

जिपं अध्यक्ष ने सभाकक्ष में आयोजित प्रथम सम्मेलन में रखे अपने विचार

# मेरा उद्देश्य राजनीति को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निभाना है : अरुण

- जनसेवा के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करने की जरूरत : नीलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी/धमतरी



जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित प्रथम सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त किए। श्री सार्वा ने कहा कि कोई भी कार्य सीखकर किया जाए या उसे करते-करते सीखा जाए यह सफलता, मेहनत और संकल्प पर निर्भर करती है। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने 1 एकड़ भूमि से खेती की शुरुआत की थी, लेकिन आज वे 400 एकड़ में सफलतापूर्वक कृषि कार्य कर रहे हैं। जब उन्होंने कृषि कार्य प्रारंभ किया, तब उन्हें इसकी पूरी जानकारी नहीं थी, लेकिन अनुभव और सतत प्रयास से वे इसमें पारंगत हो गए।

आगे कहा कि राजनीति भी एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें अनुभव और सेवाभाव के साथ आगे बढ़ा जाता है। मेरी पृष्ठभूमि राजनीति की नहीं रही है, लेकिन मैं इसे सीखने के प्रयास में हूं। जिस तरह मैंने खेती करते हुए उसके हर पहलू को सीखा, वैसे ही मैं राजनीति में भी लोगों की समस्याओं को समझकर, जनता की सेवा करते हुए आवश्यक अनुभव प्राप्त करूंगा और जनकल्याण को प्राथमिकता दूंगा। मेरा उद्देश्य राजनीति को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निभाना है ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। सम्मेलन के प्रारंभ में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों ने एक-दूसरे को सम्मान देते हुए परिचय प्राप्त किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिपं धमतरी के विभिन्न क्षेत्रीय सदस्य, पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जिला मुख्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

#### अधिकारियों और कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर असंतोष

सम्मेलन में कई विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की अनुपस्थिति को लेकर जिपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य सदस्यों ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता के हित से जुड़ी इस बैठक में सभी अधिकारियों की उपस्थिति आवश्यक थी। उन्होंने अधिकारियों के पद की गरिमा का सम्मान करने की बात कही, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही को नजर अंदाज नहीं किया जाएगा।सम्मेलन में सौहार्दपूर्ण परिचय और विचार-विमर्श

#### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को मिलकर करना होगा काम

जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने पंचायत स्तर पर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी और जनप्रतिनिधि समन्वय बनाकर कार्य करें तो विकास को और गति दी जा सकती है। योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आम जनता के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पंचायत स्तर पर योजनाओं को सही तरीके से लागू किया जाए तो ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास हो सकता है। जिला पंचायत सदस्यों को भी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहना चाहिए।

## प्रशिक्षण में 50 शिक्षकों ने सीखी विषय की बारीकियां



- राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के सहयोग से शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से आईआईटी भिलाई में राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राज्य के 33 जिलों से चयनित 50 शिक्षकों ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें धमतरी जिले के शास. माध्य. शाला गुदगुदा से जतीश सिन्हा सहित 3 शिक्षकों ने भी प्रशिक्षण में अपनी सहभागिता प्रदान कर धमतरी जिले का प्रतिनिधित्व किया।

इस दौरान आईआईटी के विषय विशेषज्ञों ने गणित, विज्ञान, जीवविज्ञान का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करते हुए विद्यार्थियों में किस प्रकार वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विषय में रोचकता, भौतिकी और रसायन की मूल अवधारणाओं प्रकिया और व्यावहारिक ज्ञान किस प्रकार विकसित किया जाए इस पर भी प्रशिक्षण दिया। इस दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की आधुनिक लैब और नवीन उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला में भ्रमण कराते हुए विज्ञान की अवधारणाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया तथा तकनीकी संस्थान में अध्ययनरत और रिसर्च कर रहे विद्यार्थियों से रूबरू होकर सीखने सिखाने में नई तकनीक का उपयोग कर विद्यार्थियों को रोचक जानकारी के माध्यम से दैनिक जीवन में साइंस की उपयोगिता, नई स्किल्स सीखने, मल्टीडिसिप्लिनरी दृष्टिकोण और अध्यापन कौशल की नई-नई अवधारणाओं और साइंस कौशल को भी व्यावहारिक रूप से सीखा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्रग शिक्षा रायपुर से राजकुमार चापेकर, आईआईटी भिलाई से डॉ. महबूब आलम, डॉ.निकेत जायसवाल, डॉ. प्रवेश शुक्ला सहित विषय विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया।

## सोनी समाज ने किया महापौर का अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़िया सोनी समाज ने निगम कार्यालय पहुंचकर नगर के प्रथम नागरिक रामू रोहरा का स्वागत किया। समाजजनों द्वारा 19 मार्च बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन सामाजिक भवन में किया जा रहा है जिसमें महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन, पार्षदगण कुलेश सोनी एवं कोमल सार्वा का अभिनन्दन किया जाएगा। मौके पर नंदकिशोर सोनी, भरत सोनी, मन्नू सोनी, दिलीप सोनी, दिनेश सोनी, कमलेश सोनी, कन्हैया सोनी, बालकिशन, पप्पू सोनी, उषा सोनी, डाली सोनी, शीला सोनी, अचला सोनी, पार्वती सोनी सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

## मूलभूत सुविधाओं के लिए लोग न हों परेशान : कलेक्टर

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अपनी पहली समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्यायें लेकर आने वाले लोगों के साथ उचित और नैतिक व्यवहार करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर उन पर त्वरित कार्रवाई करें। किसी भी व्यक्ति की समस्या को बिना किसी कारण के लंबित न रखें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि व्यवहारिक रूप से किसी निराकृत न की जा सकने वाली समस्या के लिए लोगों को सूचित भी किया जाए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कलेक्टर ने परिचय प्राप्त किया। श्री मिश्रा ने विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं तथा कार्यक्रमों सहित अब तक की उपलब्धियों की जानकारी भी ली। बैठक में वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव एवं श्रीमती इंदिरा देवहारी, रामकुमार कृपाल, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल सहित सभी राजस्व अनुभागों के एसडीएम और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले के पानी की समस्या वाले स्थानों की अभी से पहचान करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए।

## अग्रवाल महिला संगठन का होली मिलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला संगठन की जिला अध्यक्ष सरोज बाला अग्रवाल, सचिव अनीता मदन गोयल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में रिंका गिनोरिया, कुसुम अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, वीणा गोयल, अनीता अग्रवाल, संगीता गोयल, वर्षा अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, रूपल सिंगल, कविता अग्रवाल, ललिता अग्रवाल का सम्मान किया गया। इस दौरान महिला संगठन ने फूलों की होली खेली। सभी ने फूलों की होली का खूब आनंद उठाया और अपनी समिति की एकता का परिचय दिया।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

- भखारा अंचल में होली शांतिपूर्ण मनाने थाना प्रभारी ने ली शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी





पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने होली त्योहार के मद्देनजर जिलेभर के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को शांति समिति की बैठक लेने निर्देशित किया है। इसी क्रम में भखारा अंचल में होली त्योहार शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण मनाने थाना प्रभारी ने शांति समिति की बैठक ली। थाना प्रभारी एवं निरीक्षक उमाकांत तिवारी ने शांति समिति की बैठक में कहा कि होली में नशीले पदार्थ का सेवन न करें, किसी पर जबरन रंग न लगाएं ,ग्रीस एवं कांच युक्त रंगों का प्रयोग न करें, अश्लील हरकतों एवं शब्दों का प्रयोग न करें, हुड़दंग, मारपीट ,गाली गलौज, शोर शराबा न करें, किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें, गांव में गाड़ियों में तेज आवाज में म्यूजिक चलाकर हुडदंग न करें एवं परिवर्तित दोपहिया वाहन साइलेंसर का प्रयोग न करें। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। साउंड सिस्टम का उपयोग बिना अनुमति के न किया जाए तथा अनुमति प्राप्त होने पर भी धीमे आवाज में बजाया जाए। दोपहिया वाहन में तीन सवारी, तेज चलाने वाले बाइकर्स, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। तहसीलदार भूपेश चन्द्राकर ने कहा कि होली पर्व में सभी यातायात नियमों का पालन करें,सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें ,होलिका दहन सुरक्षित स्थान पर करें, इलेक्ट्रिक खंभों एवं तारों का ध्यान रखें एवं एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें। शांति समिति की बैठक में नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि हरख जैन, पार्षद अविनाश गौर, भूपेंद्र यादव, भानुप्रताप गायकवाड़, झम्मन साहू, हितेंद्र साहू, मेघनाथ साहू, छबिलाल निर्मलकर, परदेशी कंवर सहित दीनानाथ साहू, जितेंद्र साहू समेत नगर के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और योगदान को पहचानने का अवसर है महिला दिवस : हृदय

- छिपली में महिला दिवस पर आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम छिपली में महिला स्व-सहायता समूह एवं नवनीत महिला मंडल ठाकुरदेव पारा के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध खेल एवं साहित्यिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। रस्साकसी, कुर्सी दौड़, हांडी फोड़, भाषण और कविता लेखन प्रतियोगिता में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जपं नगरी के उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य दुर्गेश नंदिनी साहू और सरपंच लिकेश्वरी पोटाई सहित अन्य अतिथियों ने पुरस्कार वितरण कर विजेताओं का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू ने कहा कि महिला दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और योगदान को पहचानने का एक अवसर है।

महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रही हैं और ऐसे आयोजनों से उनकी प्रतिभा को और अधिक निखरने का अवसर मिलता है। समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमें उनके सशक्तिकरण के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। मौके पर लक्ष्मी ठाकरे, जमुना नवरंग, ईश्वरी साहू, आनंदी सोम, उमा नागरची, हेमलता नागरची, रिद्धि देव, ममता देव, पदमनी बिसेन, अंबिका नेताम, चमेलीबाई सेन, नंदनी सोम, नीरजा सोम, धनेश्वरी साहू, रेश्मी यादव, ताराबाई यादव, सावित्री बिसेन, ओम साहू, सीमा साहू, लता साहू, जयंती साहू, चमेली नागरची सहित बड़ी संख्या में महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

शांति समिति की बैठक में शांति व सौहार्द्रपूर्ण होली मनाने का निर्णय लिया गया

# तेज रफ्तार बाइक, रसायनयुक्त रंग व नशे के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



कुरूद थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में होली पर्व के दौरान शांति और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रागिनी मिश्रा, तहसीदार दुर्गा साहू, थाना प्रभारी ईश्वर सकार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

बैठक में एसडीओपी श्रीमती मिश्रा ने होली पर्व के दौरान रसायनयुक्त और त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले रंगों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने, नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और नगर में शांति बनाए रखने के लिए अन्य नियमों का पालन कराने की बात की। उन्होंने तेज रफ्तार बाइक चलाने, प्रतिबंधित हार्न और तेज आवाज वाले साइलेंसर के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इसके अलावा होलिका दहन के दौरान विद्युत तारों के पास आग नहीं लगाने और रंगों का आदान-प्रदान एक सुखद अनुभव के रूप में करने की अपील की। नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने होली पर्व के दौरान नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नशे के कारण कुछ लोग अपनी ज़िंदगी को खतरे में डालते हैं और समाज में अशांति फैलाते हैं। वरिष्ठ नेता निरंजन सिन्हा, नपं उपाध्यक्ष देवरत साहू, पार्षद रजत चंद्राकर समेत अन्य लोगों ने भी नशे की लत से हो रही अशांति पर प्रभावी कार्रवाई करने की बात की। इस अवसर पर भानु चंद्राकर, योगेंद्र सिंह, मूलचंद सिन्हा, अजय केला, मालकराम साहू, विजय केला, महेश केला, मनीष साहू, उत्तम साहू, ड़मेश साहू, कविता चंद्राकर, राजकुमारी ध्रुव, सितेश सिन्हा, रविप्रकाश मानिकपुरी, महेंद्र गायकवाड़, अर्जुन ध्रुव, रंजीत साहू, तुकेश साहू, सफी खान समेत नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### दंतेवाड़ा जिपं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का अजय ने किया सम्मान




**नगरी।** दंतेवाड़ा जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुंडामी और उपाध्यक्ष सुमित भदौरिया से नगरी जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने भाजपा गमछा पहनाकर दोनों नेताओं का सम्मान किया और उनकी जीत पर बधाई दी। श्री मुंडामी और श्री भदौरिया ने भाजपा की नीति-रीति पर चलते हुए जनसेवा के संकल्प को दोहराया।

### छात्रों को परोसी गई खीर-पूड़ी



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला गोरेगांव, अमाली में विगत दिनों श्रीमती गीतांजलि सुरेश मेश्राम शिक्षक की सासू मां स्व. श्रीमती प्रमिला मेश्राम की 5वीं पुण्यतिथि पर उनके परिजनों द्वारा न्योता भोज में खीर-पूड़ी दी गई। मौके पर प्रधानपाठक कौशलप्रसाद साहू, हर्ष लता साहू, चुलेश्वरी पायल, गंगा नवरंग, शिक्षक राकेश कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू, रूपवती पटेल, लक्ष्मी साहू, श्वेता गौर, सतरूपा नाग, चंद्रकुमारी नवरंगे आदि उपस्थित थे।

### छात्रों के साथ शिक्षकों व जनप्रतिनिधियों ने खेली होली



**नगरी।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला घुरावड़ में स्कूली बच्चों के साथ शिक्षकों व क्षेत्र की जनपद सदस्य मौसमी मंडावी ने प्रतिनिधियों के साथ होली मिलन मनाया। इस अवसर पर सरपंच महेश नेम, उपसरपंच ईश्वरलाल मांडवी सहित नवनिर्वाचित पांच तथा प्रधानपाठक महेश सोरी, विक्रांत ठाकुर सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर मौसमी मंडावी ने भाईचारा के साथ होली मनाने का संदेश दिया। बच्चों को गांव में मिल जुलकर एक दूसरे पर गुलाल तिलक लगाकर एवं शांति पूर्ण त्योहार मनाने कहा।

### महेन्द्र बने भुरसींडोंगरी के उपसरपंच



**नगरी।** ग्राम पंचायत भुरसींडोगरी में उपसरपंच का निर्वाचन हुआ, जिसमें 2 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र भरा। अनीता नेताम को 7 मत व महेन्द्र साहू को 11 मत मिले। इस तरह महेन्द्र साहू उपसंरपच निर्वाचित हुए। निवार्चन में पीठासीन अधिकारी एसएस पैकरा, सचिव लोमश साहू, सरपंच लीलाम्बर नागवंशी एवं पंचगण मनिहार, ताकेश्वरी साधना, होनिका, सुनिता, अनिता नेताम, बिम्बलेश्वरी, पुनाराम, अनीता निषाद, लोगीन निषाद, महेन्द्र साहू, इकेश्वर, ओमप्रकाश, संतुराम यादव, मालती मरकाम उपस्थित थे। महेन्द्र के उपसंरपच बनने पर श्यामचंद कश्यप, मनीराम साहू, बिटेश्वर गंजीर, शंकर पटेल, जोहरलाल नागवंशी, प्रेमलाल निषाद ने तिलक व हार पहनाकर गांव की तरक्की के लिए तत्पर रहने की बात कही।

### पिचकारी, रंग-गुलाल व मुखौटों का बाजार सजा




**कुरूद।** रंगों का महापर्व होली की उमंग शुरू हो चुकी है। चारों तरह इसका उल्लास देखा जा रहा है। कुरूद में पर्व के पूर्व विभिन्न आकर्षक वस्तुओं से बाजार सज-धजकर तैयार है। इस बार एक से बढ़कर एक पिचकारी, रंग-गुलाल, मुखौटों के साथ आकर्षक नगाड़े सहित अन्य वस्तुओं का बाजार सज गया है। रंगो का यह उत्सव शुकवार 14 मार्च को मनाया जाएगा। वहीं होलिका दहन गुरुवार की रात्रि को होगा। इस बीच विभिन्न स्थानों पर फाग गीतों का उल्लास छाया हुआ है। नगर में फाग मंडली घूम-घूमकर नृत्य कर परंपरा का निर्वहन कर रही है। विभिन्न वार्डों में होलिका दहन को लेकर तैयारी जारी है।

## जिला अस्पताल के स्पेशलिस्ट सर्जन डॉ. उत्कर्ष ने किया रिजाइन

# इस्तीफे के बाद सर्जन का आज आखिरी कार्य दिवस, कल से सर्जरी ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल में पदस्थ स्पेशलिस्ट सर्जन डॉ. उत्कर्ष नंदा के इस्तीफे के बाद उनका आज आखिरी कार्य दिवस है। इकलौते सर्जन के चले जाने के बाद जिला अस्पताल में सर्जरी पूरी तरह ठप पड़ जायेगी।

चिकित्सकों की समस्या से जूझ रहे जिला अस्पताल को इस होली में एक और जोर का झटका लगने जा रहा है क्योंकि जिला अस्पताल के एकमात्र स्पेशलिस्ट सर्जन ने इस्तीफा दे दिया है। सर्जन के चले जाने से जिला अस्पताल में आपरेशन की सुविधा पूरी तरह से चरमरा जायेगी। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ेगा। मरीज आपरेशन के लिए निजी अस्पतालों की शरण में जायेंगे, जहां मोटी रकम देकर सर्जरी करायेंगे।

सर्जन डॉ. नंदा के पदस्थ रहते अस्पताल में प्रतिमाह 60 से 70 आपरेशन किये जा रहे थे। इन आपरेशनों में कुछ क्रिटिकल सर्जरी भी थी जो महानगरों के अस्पतालों में ही संभव है। जिला अस्पताल में सीमित संसाधन के बाद भी डॉ. उत्कर्ष द्वारा सफलतापूर्वक क्रिटिकल सर्जरी की गई। अस्पताल में ज्यादातर हार्निया, अण्डकोष, फिसर, भगंदर, गठान, अतड़ी में छेद, सिस्ट सहित अन्य आपरेशन किये गये। वर्ष 2024 में डॉ. उत्कर्ष ने लगभग 11 सौ सफल आपरेशन किये हैं। सर्जन डॉ. उत्कर्ष नंदा के जिला अस्पताल से चले जाने से इस तरह के सभी आपरेशन ठप पड़ जायेंगे। सर्जन का जिला अस्पताल में गुरूवार को अंतिम कार्य दिवस है। सर्जन के इस्तीफे का कारण इमरजेंसी ड्यूटी को बताया जा रहा है।



### इमरजेंसी ड्यूटी के कारण सर्जरी प्रभावित : डॉ. उत्कर्ष

स्पेशलिस्ट सर्जन डॉ. उत्कर्ष नंदा ने बताया कि प्रमोशन के चार महीने पहले वे मेडिकल आफिसर के पद पर था। इस दौरान इमरजेंसी ड्यूटी कर रहा था। प्रमोशन के बाद स्पेशलिस्ट सर्जन बन गया है जो क्लास वन डाक्टर के समकक्ष हैं। एनएचएम की ज्वाइनिंग में भी स्पष्ट निर्देश है कि स्पेशलिस्ट सर्जन की इमरजेंसी ड्यूटी नहीं लगेगी। इमरजेंसी ड्यूटी के कारण 20 से 30 ही आपरेशन हो पा रहा था। सर्जरी का काम प्रभावित हो रहा था। अपनी बात रखने पर उच्चाधिकारियों ने आपरेशन की बजाय इमरजेंसी ड्यूटी को अनिवार्य बताया जो नियम के विरूद्ध है। इसीलिए जिला अस्पताल से इस्तीफा दिया हूं।

### इस्तीफा दिया है : सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ. अरूण टोण्डर ने बताया कि सर्जन डॉ. उत्कर्ष नंदा ने सीएमएचओ कार्यालय में इस्तीफा दिया है। सर्जन के अभाव में सर्जरी प्रभावित होने पर उन्होंने कहा कि कुछ आपरेशन वह स्वयं कर लेंगे। सर्जन की नियुक्ति के लिए शासन-प्रशासन को पत्र भेजा जायेगा।

## हाइटेक बस स्टैंड, ऑडिटोरियम के लिए 24 करोड़ की मिली स्वीकृति




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ महापौर रामू रोहरा का प्रयास रंग लाया

महापौर रामू रोहरा के प्रयास से धमतरी में हाईटेक बस स्टैंड एवं ऑडिटोरियम निर्माण के लिए बुधवार को राज्य सरकार ने 24 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। दोपहर को महापौर ने उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से भेंटकर मांगों को दोहराया जिस पर मंत्री ने दोनों मांगों पर स्वीकृति प्रदान की है।

उल्लेखनीय है कि खपरी मार्ग में हाईटेक बस स्टैंड निर्माण के लिए स्थान चिन्हांकित हैं। फंड के अभाव में बस स्टैंड की योजना फाइलों तक सीमित रह गई। 6 साल से ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य जारी है जिसे अब पूरा किया जाएगा।

बता दें कि महापौर बनते ही श्री रोहरा ने लगभग 110 करोड़ के कार्यों को बजट में शामिल कराया है। पुरानी मांगों में तीन सड़क चौड़ीकरण भी शामिल है। बाईपास मार्ग, चौपाटी, तालाब सौंदर्यीकरण आदि शामिल हैं। राज्य शासन द्वारा सौगात मिलने पर शहरवासियों में हर्ष है।

## नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

■ पुलिस ने भरदा के दो और आरोपियों को दबोचा



प्रदेश के बाद नगर व क्षेत्र में सत्ता परिवर्तन के बाद अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाने अब जागरुक नागरिक पुलिस का मुखबीर बन शासन-प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। पुलिस अब आये दिन किसी न किसी अपराधी को दबोचकर जेल भेजने का काम कर रही है।

कुरुद पुलिस ने मुखबीर से मिली सूचना पर अवैध रूप से शराब रखकर नारी रोड की ओर जा रहे दो आरोपियों को अमृत राइस मिल के सामने घेराबंदी कर पकड़ा। एक काले रंग की होंडा साइन मोटर सायकल क्र. सीजी 07 बीएफ 2259 में सवार भीषम साहू पिता स्व. रेखराम साहू उम्र 21 वर्ष एवं नरेश साहू पिता कोमल साहू उम्र 20 वर्ष दोनों भरदा निवासी के पास रखे नीले रंग के राजश्री बैग के अंदर तलाशी ली गई।

थैला के अंदर 90 पौवा देशी प्लेन शराब सीलबंद देशी प्लेन शराब कीमत 8,100 रूपये एवं होंडा साइन मोटरसायकल कीमत 20,000 रूपये कुल 28,100 रूपये को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना कुरुद से सउनि सुरेश नंद, आरक्षक डेनेश्वर टंडन, गहेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।

उलेखनीय है कि अवैध नशे के कारोबार करने वालों के खिलाफ कुरुद पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। बीते दिनों ग्राम भरदा के ही आरोपी को अवैध गांजा, गोली व हथियार के साथ इससे पहले कुरुद में एक आरोपी को अपने घर से गांजा गोली का कारोबार करते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

इस संदर्भ में एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बताया कि शराब ही नहीं किसी भी नशे के अवैध कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जा रहा है। हमारी कार्रवाई लगातार जारी है।

## संघ के स्वयंसेवक चला रहे सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पिछले 15 दिनों से मां विंध्यवासिनी शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा शहर को साफ और धूल मुक्त बनाने के उद्देश्य को लेकर मां शीतला माता मंदिर से एक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान निरंतर चेक पत्थरों वाले रोड पर चलाया जायेगा। इस अभियान में मुख्य रूप से हरलाल साहू, शैलेश चंद्राकर, नोहरलाल देवांगन, राजू तिवारी, डॉ. उमाशंकर साहू, सोनी, मारुति जयसवाल के साथ अन्य स्वयंसेवकों का सहयोग मिल रहा है।

## हिन्दू सनातन संस्कृति की रक्षा एवं राष्ट्र निर्माण की ओर आगे बढ़ें : डॉ संजीव

■ सर्व समाज समन्वय महासभा की कार्यकारिणी बैठक में वक्ताओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सर्व समाज समन्वय महासभा की कार्यकारिणी बैठक मठ मंदिर प्रांगण धमतरी में आयोजित हुई। अतिथि प्रांताध्यक्ष डॉ संजीव वशिष्ठ थे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राजिम विभाग के विभाग सहकार्यवाह घनश्याम साहू, साहू समाज जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, सोनकर समाज जिलाध्यक्ष संतोष सोनकर, धनेश्वर यादव, नील पटेल, भारत सोनी, हरजिंदर सिंग छाबड़ा ने अपने विचार रखे। डॉ संजीव वशिष्ठ ने हिन्दुओं की रक्षा एवं राष्ट्र निर्माण हेतु सामाजिक लोकतंत्र स्थापित करने का आव्हान सामाजिक अध्यक्षों से किया।

उन्होंने आगे कहा कि अब समय आ गया है। हमें जातिवाद, भाषावाद, प्रांतवाद, क्षेत्रवाद, सम्प्रदायवाद को त्यागकर समन्वय के साथ हिन्दू सनातन संस्कृति की रक्षा एवं राष्ट्र निर्माण की ओर आगे बढ़ना चाहिये। बैठक का संचालन दिलीप पटेल सर्वसमाज समन्वय व आभार व्यक्त नारी शक्ति महासभा की जिलाध्यक्ष पदमनी चंद्राकर व जिला सचिव चन्द्रकला पटेल ने किया। इस आयोजन में निलेश राजा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बैठक में श्यामा पटेल, ईश्वरी पटवा, संगीता जगताप, बिमला पटेल, चित्ररेखा निर्मलकर, कल्पना रणसिंग, डाली सोनी, चेतना रणसिंग, नीलू रजक, कोमल सार्वा, चंद्रभान मेश्राम, श्रवण मेश्राम, नन्द किशोर सोनी, दिलीपराज सोनी, रामचंद्र वाधवानी, शैलेश रजक, हरिशंकर शांडिल्य, अनीता सोनकर, पूजा कुंजाम, तारा साहू, मोनिका देवांगन, संध्या धीवर आशा धीवर, वेणुका हिरवानी, उषा सोनी, रोशनी सोनी, शिव नेताम, ममता कुम्भकार, राकेश दीवान, छम्मन निर्मलकर, हेमलता सिन्हा, लीना भारती, अहिल्या देवांगन समेत समाजजन उपस्थित थे।

## अधारी नवागांव ने जीता डीपीएल का खिताब

■ फाइनल में हटकेशर की टीम को किया पराजित

■ विजेता को 1 लाख व उपविजेता को 55,555 रूपये व रनर ट्राफी मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




डीपीएल क्रिकेट मैच सीजन 6 का विजेता अधारी नवागांव वार्ड की टीम रही। विजेता टीम को अतिथियों ने ट्राफी और 1,11,111 रूपये नकद पुरस्कार दिया। उपविजेता हटकेशर वार्ड की टीम को 55,555 रूपये व रनर ट्राफी प्रदान की।

विदित हो कि टूर्नामेंट का आयोजन मॉर्निंग क्रिकेट क्लब ने किया था, जिसमें 16 टीम शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र की 8 टीमों को शामिल किया गया था। 17 दिनों तक चले इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच 11 मार्च मंगलवार की रात्रि मिशन ग्राउंड में हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों क्रिकेटप्रेमी उपस्थित थे। नवागांव टीम के विजेता बनने पर ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। दोनों टीम का मैच लगभग डेढ़ घंटे तक चला।

उल्लेखनीय है कि हटकेशर और नवागांव की टीम ने सुपर लीग, क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल में जीत के बाद फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच के प्रारंभ होने से पहले क्लब के संरक्षक और महापौर रामू रोहरा के आतिथ्य में टॉस कराया गया। अधारी नवागांव वार्ड ने टास जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। मैच शुरू होने के पहले राष्ट्रगान हुआ। परिचय के बाद मैच प्रारंभ हुआ। हटकेशर ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 12 ओव्हर में 8 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नवागांव की टीम 11.3 ओव्हर पर 9 विकेट के नुकसान में 143 रन बनाकर विजेता बनी।

दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नकद राशि और स्मृति चिन्ह दिया गया। खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिया गया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, पार्षद सूरज गहरवाल, पार्षद तल्लीन पुरी गोस्वामी, आनंद पवार, महेन्द्र खंडेलवाल, सूरज शर्मा, सतराम वाशानी, मो. शाह, शकील अहमद, अशरफ खिलची, आदिल कुछावा, क्लब के सकुश गुप्ता, विनोद राजपूत, यादवेन्द्र यदु, यशवंत चन्द्राकर, भरत सिन्हा, राजू साहू, अंकुश नंदा, विकास द्विवेदी, शेख फरीद, इस्माइल सिद्दिकी, नरेश साहू, अकरम भाई, शाइन उस्मान, त्रिलोकी वाल्मिकी आदि थे। अम्पायरों की भूमिका अजय सोनवानी, मो. हुसैन, विनय यादव, जितेन्द्र साहू, मिहिर पटेल, केशव ने निभाई। कामेंट्री पुष्पेन्द्र हिरवानी, बकार उस्मान, बाबर गोरी ने की। स्कोरर मिलन साहू थे।

## एक वोट से दी मात, मोहनी बनीं बेलरगांव की उपसरपंच



**नगरी।** बेलरगांव तहसील की सभी ग्राम पंचायतों में शनिवार को उपसरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। उपसरपंच के निर्वाचन के लिए ग्राम पंचायत को मतदान केंद्र बनाया गया था। कहीं उपसरपंच के लिए मतदान तो कहीं उपसरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए। ग्राम पंचायतों में पीठासीन अधिकारी की उपस्थिति में उपसरपंच का चुनाव हुआ। बेलरगांव में उपसरपंच के लिए मोहनी साहू और शकंर देवांगन के बीच मुकाबला हुआ।

मोहनी को 11 वोट वहीं प्रतिद्वंदी शंकर देवांगन को 10 वोट मिले। चुनाव के नतीजे आने के बाद नवनिर्वाचित उपसरपंच मोहनी साहू ने बाजे-गाजे के साथ सरपंच रीता नेताम एवं पंच गजेन्द्र नेताम, संतोष नेताम, ढुपकेशवरी ध्रुव, नरोत्तम सोरी सहित बीस पंचों के साथ सामूहिक रुप से लोगों का आभार प्रकट किया।

## माधवी बनीं लेडी ऑफ द ईयर



**धमतरी।** लेडीज क्लब के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नारी रत्न अवार्ड, पूर्व एवं वर्तमान अध्यक्ष सम्मान और लेडी ऑफ द ईयर अवार्ड के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्लब संचालिका उषा गुप्ता थीं। अध्यक्षता श्रद्धा कश्यप ने की। विशिष्ट अतिथि बलजीत आनंद थे। अतिथिजनों का अभिनंदन काजल सिन्हा और साधना साहू, गायत्री साहू ने किया।

कामिनी कौशिक, ज्योति गुप्ता, नीता अजमानी और संतोष लखोटिया ने कविता और गीत के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के विषय में प्रस्तुति दी। सीमा हरदेल , गायत्री साहू , देविका साहू, शुभ्रा गौर और काजल सिन्हा ने फिल्मी गीतों के रिमिक्स में नृत्य किया। लेडी ऑफ द ईयर का अवार्ड माधवी शर्मा को प्रदान किया गया। क्लब संचालिका उषा गुप्ता ने सभी महिलाओं को नारी रत्न अवार्ड दिया। लेडिस क्लब की प्रत्येक सदस्य की प्रस्तुति का अंदाज बेहद खूबसूरत रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ भारती राव तथा आभार प्रदर्शन आशा गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम में कामिनी कौशिक, संतोष लखोटिया, मंजु महावर, लीला शर्मा, चंदा शर्मा, आशा गुप्ता, माधवी शर्मा, रेणु खनूजा, बबली राजोरिया, रचना नायडू, तनुजा सेन, मंजु सेन, पूनम सिंह, सीमा हरदेल, सुबरा गौर, आरती कौशिक, ज्योति गुप्ता, बीना नायडू, शिरीन हाशमी, नीता रणसिंह, नीता अजमानी, देविका साहू, बीथिका विश्वास, दीपा लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित थीं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ्रोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020